के दौरान 81,000 टेलीफोन कनेक्शन प्रदान किये जाने की योजना है।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यानुसार इस योजना अवधि (1992-97) के अन्त तक बड़ी एक्सचेंज प्रणालियों में प्रतीक्षा सूची को दो वर्ष तक सीमित करने और ग्रामीण तथा जनजातीय क्षेत्रों में व्यवहारिक रूप में मांग होने पर टेलीफोन प्रदान करने का लक्ष्य है। उपयुक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए तदनुसार एक्सचेंजों के विस्तार की योजना बनाई जा रही है।

गुजरात में टेलीफोन सलाहकार समितियां

85. श्री राम सिंह राठवा : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में जिन क्षेत्रों में टेलीफोन सलाहकार समितियां है, उनका ब्यौरा क्या है, और उन समितियों के नाम क्या हैं ;

(ख) किन-किन समितियों का गठन अब तक कर दिया गया है, और किन-किन समितियों का गठन अभी तक नहीं किया गया है ;

(ग) क्या यह सच है कि टेलीफोन सलाहकार समितियों के गठन के समय स्थानीय प्रतिनिधियों की सलाह नहीं ली गई थी ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) गजरात में जिन क्षत्रों में दूरसंचार/टेलीफोन सलाहकार समितियां हैं उनके नाम इस प्रकार हैं :

दूरसंचार सलाहकार समिति :

1. गुजरात

टेलीफोन सलाहकार समिति

2. अहमदाबाद
3. राजकोट
4. जामनगर
5. सूरत
6. बड़ोदरा
7. भावनगर
8. भुज
9. वलसार (बल्साड)
10. जूनागढ़
11. मेहसाना
12. नाडियाड

(ख) उन दूरसचार/टेलीफोन सलाहका समितियों के नाम

जिनका गठन/पुनर्गठन कर दिया गया है	जिनका गठन/पुनर्गठ किया जाना है
दूरसंचार सलाहकार समिति	
1. गुजरात	
टेलीफोन सलाहकार समिति	
2. अहमदाबाद	1. भावनगर
3. राजकोट	2. भुज
4. जामनगर	3. वलसार (बलसाड)
5. सूरत	4. जूनागढ़
6. बड़ोदरा	5. महेसाना
	6. नाडियाड

(ग) और (घ) संचार राज्य मं के कार्यालय से विभिन्न स्थानीय निकाय और आम जनता से अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। दूरसंचार/टेलीफोन सलाहका समितियों का गठन करते समय इस प्रका के अभ्यावेदनों तथा महाप्रबंधक, गुजरा दूरसंचार सर्किल के कार्यालय से प्राप्त सिफारिशों पर विचार किया जाता है